आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 04.11.2026
समय 720

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात कर उत्तराखंड उच्च न्यायलय को हल्द्वानी स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर चर्चा की।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने जिलाधिकारियों और विभिन्न विभागों के साथ लंबित प्रकरणों और विकास प्रस्तावों की समीक्षा की।
- नई टिहरी में 35 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनेगा राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने किया भूमि पूजन।
- चम्पावत में कीवी महोत्सव का आयोजन। 40 हेक्टेयर तक खेती बढ़ाने का लक्ष्य।

केंद्रीय मंत्री मुलाकात

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात कर उत्तराखंड उच्च न्यायलय को नैनीताल से हल्द्वानी स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने हल्द्वानी के लामाचौड़ क्षेत्र में उच्च न्यायालय के स्थायी परिसर के निर्माण के लिए आरक्षित वन भूमि के हस्तांतरण और वन भूमि डायवर्जन का मुद्दा भी उठाया। मुख्यमंत्री ने नैनीताल में भूस्खलन की आशंका, यातायात के बढ़ते दबाव और पार्किंग की समस्याओं का हवाला देते हुए हल्द्वानी में आधुनिक न्यायिक परिसर की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी के लामाचौड़ क्षेत्र में प्रस्तावित स्थल सड़क और राष्ट्रीय राजमार्गों से बेहतर रूप से जुड़ा हुआ है। यहां उच्च न्यायालय का स्थायी परिसर विकसित होने से न्यायिक कार्यों के विस्तार के लिए पर्याप्त आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, वादकारियों और आम नागरिकों को आवागमन सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया में शीघ्र कार्रवाई करने का अनुरोध किया। इस पर केंद्रीय मंत्री ने प्रस्ताव पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारियों और विभिन्न विभागों के साथ लंबित प्रकरणों और विकास प्रस्तावों की समीक्षा की। उन्होंने शासन को भेजे जाने वाले सभी विकास प्रस्तावों का लागत–लाभ विश्लेषण अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कोल्ड स्टोरेज का संचालन सक्षम स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कराने और प्रदेश में मोबाइल नेटवर्क विहीन क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर शीघ्र सूची उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने देहरादून जिले के त्यूणी उप जिला अस्पताल को 15 नवंबर तक अनिवार्य रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने विद्यालयों में स्वच्छता, शौचालयों की साफ–सफाई, भवनों की मरम्मत और आवश्यक आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

चुनाव तैयारी

अल्मोड़ा जिले में आगामी विधानसभा चुनाव तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अंशुल सिंह ने विकास भवन सभागार में नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने जिले के सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर वहां बिजली, पेयजल, शौचालय, रैंप और पहुंच मार्ग जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही निर्वाचन कार्मिकों के प्रशिक्षण, मतदान सामग्री, परिवहन, संचार और सुरक्षा व्यवस्थाओं की कार्ययोजना समय से तैयार करने के निर्देश दिए।

तहसील दिवस

पौड़ी जिले की थलीसैंण तहसील में मुख्य विकास अधिकारी अशोक जोशी की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित किया गया। इसमें ग्रामीणों ने सड़क निर्माण व सुधारीकरण, पेयजल, पंचायत भवनों की मरम्मत और मनरेगा जॉब कार्ड से जुड़ी समस्याएं उठाईं। इस दौरान कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुईं। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता से और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सड़क सुधारीकरण से जुड़े कार्यों की अनुमानित लागत का विवरण शासन को भेजा जा चुका है और आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने के लिए उच्च स्तर पर समन्वय किया जा रहा है।

पॉलीटेक्निक संस्थान

नई टिहरी में करीब 35 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान का निर्माण किया जाएगा। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इसका भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संस्थान के निर्माण से जिले के युवाओं को स्थानीय स्तर पर आधुनिक तकनीकी शिक्षा उपलब्ध होगी। इससे युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के साथ ही रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे।

कीवी महोत्सव

चम्पावत जिले में किसानों की आय बढ़ाने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कीवी महोत्सव व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कार्यालय परिसर में आयोजित महोत्सव में कुमाऊं मंडल के नैनीताल, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और चम्पावत के किसानों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस दौरान कीवी उत्पादन के साथ ही पैकेजिंग, ब्रांडिंग, विपणन और मूल्य संवर्धन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट कीवी उत्पादक किसानों को सम्मानित भी किया गया।

जिला उद्यान अधिकारी योगेश भट्ट ने बताया कि चम्पावत में वर्तमान में छह हेक्टेयर क्षेत्र में कीवी की खेती हो रही है, जिसे बढ़ाकर 40 हेक्टेयर करने का लक्ष्य है।

बागेश्वर से आए किसान और कीवी मैन नाम से प्रसिद्ध भवान सिंह कोरंगा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से किसानों को काफी लाभ मिलता है।

और अब एक नज़र आज के समाचार पत्र के सुर्खियों पर

प्रदेश ने जीएसटी संग्रहण में पन्द्रह प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। अमर उजाला की ख़बर के अनुसार अक्टूबर के महीने में जीएसटी संग्रहण से राज्य को एक हजार सात करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

पर्वतीय क्षेत्रों में मानव–वन्यजीव के बढ़ते संघर्षों के संबंध में एक अन्य ख़बर पर अमर उजाला लिखता है– पौड़ी में गुलदार के हमले में मासूम की मौत। कोटद्वार से लगे सनेह मल्ली गांव में घर के सामने खेल रही बच्ची पर गुलदार ने किया हमला।

उत्तरकाशी के केदारताल में रेस्क्यू अभियान की ख़बर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है– दो ट्रेकर के शव मिले, छह लापता। समाचार पत्र के अनुसार एसडीआरएफ ने चार हजार मीटर की ऊंचाई पर रेस्क्यू हेलीपैड बनाया है। केदारताल में छह से सात फीट तक बर्फ जमी होने के कारण रेस्क्यू अभियान चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।

तीसरी तिमाही में सोने की मांग 29 प्रतिशत घटी। इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट का हवाला देते हुए लिखता है– सोने की मांग में कमी आने का मुख्य कारण प्रधाानमंत्री की सीमित खरीददारी की अपील रहा है।

एक अन्य ख़बर पर दैनिक जागरण ने लिखा है– पटाखा कारोबारियों पर जीएसटी का छापा, 92 लाख जमा कराए। त्यौहारी सीजन में देहरादून, ऋषिकेश और विकासनगर में एक साथ कार्रवाई।